




## एक नजर में

### शताब्दी वर्ष पर नारायण बस्ती से निकली कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया



11तारीख को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन लालबाग हाई स्कूल के मैदान पर आयोजित होगा

**बुरहानपुर।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष के अवसर 11 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के अवसर पर विशाल कलश यात्रा वृंदावन कॉलोनी से शाम 5 बजे निकली। इस कलश यात्रा में सैकड़ों सनातनी महिलाओं ने सर पर कलश रख लाल और केसरिया परिधान पहनकर हिस्सा लिया। यात्रा में महिलाओं द्वारा जय श्रीराम से नारे से पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठा। कलश यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला साथ चल रही थी। सनातन सेवा समिति तत्वावधान में आयोजित नारायण बस्ती कलश यात्रा मुख्य मार्गों से निकलकर पुन: शिव मंदिर परिसर वृंदावन कॉलोनी पर समाप्त हुई। कलश यात्रा का नेतृत्व कर्ता प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि कलश यात्रा समाज में एकताए संस्कार और राष्ट्रभाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से देश भर मे शताब्दी वर्ष के रूप मे निकल रही है।

### नगर निगम जल विभाग की टीम लीकेज हटाने पानी की जांच करने हेतु युद्ध स्तर पर डटी है



**बुरहानपुर ।** नगर निगम के जल विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर जहां लीकेज दुरुस्त कराया जा रहे हैं वही स्व सहायता समूह एस एच जी समूह की महिलाओं द्वारा घर घर जाकर पानी का सैंपल लेकर वॉटर टेस्टिंग की जा रही है। 23 ओवरहेड टैंक से सैंपल से लेकर उसकी भी जांच की जा रही है। जल विभाग में शिकायत मिलने पर न्यू इंदिरा कॉलोनी में पानी की चेकिंग एमपी यू डी सी व जे एम सी टीम द्वारा सैंपलिंग लेकर चैंकिंग की जा रही है वार्डो में जहां पर भी पानी को लेकर शिकायत है वह भ्रमण कर आवश्यक सुधार कार्य किया जा रहा है तथा नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में 5.5 घरों से पेयजल सैंपल लेकर वॉटर टेस्टिंग करवाई जा रही है।

निगम आयुक्त ने कहा निगम का जल विभाग 24 घंटे हाई अलर्ट पर है इंदिरा कॉलोनी में श्रीमती रजनी चंदेल,सविता ठाकुर,विशाल शर्मा,संगीता वर्मा के निवास पर पहुंचे तथा पानी की जांच कर स्वच्छ जल पाया गया है। नगर निगम द्वारा तत्परता से वार्डो में विभिन्न जगह पर जैसे महर्षि दयानंद वार्ड में वाल्व रिपेयरिंग राजेंद्र प्रसाद वार्ड में अंसार नगर में पाइपलाइन लीकेज का कार्य किया गया। झोन नं 2 किला के वार्ड नं 11 शास्त्री वार्ड में तेमिना शेख के यहां से किला रोड़ के शास्त्री वार्ड में हरिश भाईएवार्ड नं 12 गांधी चौक में मुमताज बी , झोन नं 2 किला रोड़ के वार्ड नं 10 चाचा फ़कीरचंद वार्ड में शाजेदा बी अखूतर खा झोन नं 2 किला रोड के वार्ड नं 13 खैराती बाजार के खातू घाट के पास समीम बानो अब्दुल रहीम के यहा से पानी का सेम्पल लिया गया।

निगम आयुक्त ने बताया कि जल समस्या के शिकायत निराकरण करने के लिए निगम द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है 9630028148 है जिस पर शिकायत कर आम नागरिक अपने जल समस्याओं का तत्काल निराकरण करवा सकते हैं नागरिकों की यदि कोई शिकायत है तो संबंधित दुरभाष पर अपनी समस्या बताएं शिकायत के लिए नगर निगम द्वारा तत्काल निराकरण किया जाएगा।

### मधुमेह एवं थायराइड जांच शिविर का आयोजन



**बुरहानपुर।** लायंस क्लब बुरहानपुर एवं राजस्थान सेवा समिति के तत्वावधान में एवं विशेष जुपिटर हॉस्पिटल इंदौर के विशेष सहयोग से राजस्थानी भवन में विषाल ह्रदय रोग, मधुमेह एवं थायराइड जांच षिविर का आयोजन किया गया जिसमें इन्दौर से पधारे चिकित्सकों द्वारा ह्रदय रोग, मधुमेह एवं थायरॉईड के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत करवाया गया साथ ही सीपीआर देने का एक लाइव डेमो प्रदर्शित किया गया। जिसमें हार्ट बन्द हो जाने की स्थिति में सीपीआर देकर किस प्रकार जीवन बचाया जा सकता है, यह प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर में 275 व्यक्तियों की नि:शुल्क जांच कर डॉक्टर्स द्वारा उचित परामर्ष दिया गया।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ शैलेन्द्र त्रिवेदी एवं डॉ अम्बरीश पटेल उपस्थित रहे। साथ ही राजस्थान सेवा समिति के संरक्षक भगवती प्रसाद बगड़िया, धर्मचंद पाटोदी, लायंस क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. डॉ आई एल मूंदड़ा, बुरहानपुर के पूर्व विधायक ठा. सुरेन्द्रसिंह, लायंस क्लब बुरहानपुर के अध्यक्ष ला. मुकेश देवड़ा राजस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश पारीक, लायंस क्लब के सचिव ला. डॉ एजाज गफ्फ़ार खान, कोषाध्यक्ष ला. पुष्पा मूंदड़ा, ला. राजस्थान सेवा समिति के संयोजक राजेश जैन, सहसंयोजक अशोक लोहिया, सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारीका वीरेंद्रसिंह ठाकुर, ला. आदित्यवीर सिंह, ला. मनीष पटेल, एमजेएफ डॉ. एस.एम. तारिक, डॉ. राजेन्द्र चापोरकर, ला. आजम राही, ला. सुनील मूंदडा एवं अन्य पदाधिकारी शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन भरत रावल द्वारा किया गया।

### श्री सकलपंच वीसालाड समाज बुरहानपुर के 80 यात्रियों का दल धार्मिक यात्रा हेतु प्रस्थान

**बुरहानपुर।** श्री सकलपंच वीसालाड समाज बुरहानपुर के 80 यात्रीयों का दल बृजयात्रा के लिए कर्नाटक से मथुरा के लिए प्रस्थान किया। आप वहां मथुरा, जतीपुरा,नंदग्राम बरसाना,वृदांवन में आप वहाँ निधिवन बांके बिहारी मंदिर,श्री राधे रमण महाप्रभु जी बैठक, इसकोन टेम्पल, प्रेम मंदिर, श्री गिरिराज अभिषेक, परिक्रमा कुनवारा मनोरथ, रमणरेती, गोकुल ; ठकराणी घाट,विश्राम घाट, चुनरी मनोरथ एवं श्री यमुनाजी की आरती का लाभ लेंगे। धार्मिक यात्रा में जानेवाले वैष्णवजनों में प्रमुख रुप से समाज के पूर्व अध्यक्ष रमणलाल बजाज,नारायण बजाज,सचिव ललिता मेहता, डॉ नीरज बजाज एवं वरिष्ठ नटवरलाल श्रोफ , सह श्री कृष्ण युथ ओर्गेनाईजेशन के युवा कार्यकर्ताओं सह सक्रिय सदस्य पंकज बजाज आप सभी मंदिरों के दर्शन कर दिनांक 11 जनवरी को बुरहानपुर वापसी आयेंगे। इस दौरान धार्मिक श्रृद्धालुओं का पुष्प हार और पुष्प देकर, सहर्ष सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की गई।

# वीबी, जी राम जी अंतर्गत 125 दिन के रोजगार की गारंटी : सिलावट

**प्रेसवार्ता : विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा**



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। प्रेसवार्ता में प्रभारी मंत्री सिलावट ने विकसित भारत.गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन.ग्रामीण ,, व्हीबी जी राम जी ,,योजना के बारें में विस्तार से जिले के मीडिया साथियों के साथ जानकारी साझा की।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में संसद द्वारा ,, व्ही बी जी राम जी ,, विकसित भारत.गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन.ग्रामीण विधेयक 2025 का पारित होना ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है। यह विधेयक मनरेगा के स्थान पर एक अधिक पारदर्शी, प्रभावी और परिणामोन्मुख व्यवस्था स्थापित करेगा। जिससे ग्रामीण विकास को गति मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सुदृढ़ होगी। यह ग्रामीण विकास को एक नया रूप प्रदान करेगा।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि हर गरीब को रोजगार मिले और उसकी गरिमा का सम्मान हो। गरीब, जनजाति और पिछड़ा को रोजगार मिले,उसके लिए यह क़ानून आया है। विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। यह पूरा बिल महात्मा गांधी जी की भावना के अनुरूप है और राम राज्य की स्थापना के लिए लाया जा रहा है।

आखिर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को विकसित भारत और भगवान राम के नाम से इतनी नफ़रत क्यों है। कांग्रेस कितनी भी साजिश रच ले, देश 2047 तक विकसित भारत बन कर रहेगा। नई योजना में काम के दिन ज्यादा होंगे तो साथ ही मजदूरों को पारिश्रमिक भी जल्दी मिलेगा। हर ग्रामीण परिवार को हर साल 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी। वन क्षेत्र में काम करने वाले एसटी कामगारों को 25 दिन का रोजगार और अधिक मिलेगा। मनरेगा पर सबसे अधिक खर्च मोदी सरकार ने किया है। मनरेगा पर अब तक 11.74 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए जिसमें मोदी सरकार ने 8.53 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

कांग्रेस की सरकार में मनरेगा में कोई ट्रांसपेरेंसी नहीं थी, अब इसमें रियल टाइम डेटा अपलोड होगा। जीपीएस और मोबाइल मॉनिटरिंग होगी और एआई के द्वारा फ्रॉड डिटेक्शन होगा। इससे सही लाभार्थियों को काम मिलेगा और उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा। नए क़ानून का फोकस 4 प्राथमिकताओं पर है 1,जल संबंधी कार्य, 2 कोर.ग्रामीण बुनियादी ढांचा का निर्माण, 3 ,आजीविका संबंधी बुनियादी ढाँचा का निर्माण और 4 खराब मौसम के कारण काम में कमी को कम करना है। जल सुरक्षा से खेती को बढ़ावा मिलेगा, सड़कें और कनेक्टिविटी से बाज़ार में सुधार होगा,भंडारण और आजीविका संपत्तियां ग्रामीण आय में वृद्धि लाएगी और जलवायु.अनुकूल कार्य गांवों को सशक्त बनायेंगे। व्हीबी जी राम जी बिल में प्रावधान किया गया है कि बुआई और कटाई के मौसम में 60 दिन काम बंद कर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य बुआई और कटाई के समय मजदूरों की कमी नहीं होने देना है। मनरेगा में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। नए बिल में मनरेगा के उलट हर हफ्ते पेमेंट किया जा सकता है। मनरेगा में 15 दिन में मजदूरी का भुगतान होता था।

कांग्रेस सरकारों देश के लगभग 600 संस्थानों, योजनाओं, पुरस्कारों के नाम गाँधी परिवार के नाम पर रखे। देश के खेल रत्न अवार्ड को भी राजीव गाँधी के नाम पर रखा गया जबकि खेल में राजीव गाँधी जी का कोई योगदान नहीं था। कांग्रेस पार्टी नेहरू.गांधी खानदान के सदस्यों के जन्मतिथि को राष्ट्रीय पर्व बना दिया और पुण्यतिथि को राष्ट्रीय शोक का दिन। कांग्रेस की सरकारों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जीए सरदार वल्लभ भाई पटेल जीए लाल बहादुर शास्त्री जी जैसे कई नेताओं के साथ दोयम दर्जे का बर्ताव किया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने या किसी के नाम पर योजना का नामकरण नहीं किया,बल्कि उन्होंने इसे सेवा से जोड़ा. राजभवन. लोकभवन,राजपथ. कर्तव्य पथ, रेस कोर्स रोड. लोक कल्याण मार्ग, प्रधानमंत्री कार्यालय . सेवा तीर्थ नाम। भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 तीन नए भारतीय कानून हैं,जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को बदलने के लिए लाए गए हैं।

प्रेसवार्ता दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ,विधायक मंजु राजेन्द्र दादु नेपानगर,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने , जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को,महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल , महामंत्री चिंतामन महाजन, राहुल जाधव, सुभाषसिह चौहान, कोषाध्यक्ष कैलाश पारीक, पूर्व महापौर अतुलभाई पटेल,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी विरेन्द्र तिवारी , भाजपा जिला सह मिडिया प्रभारी राकेश कुमार पुर्वे सहित भाजपा नेता उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने ही कई बार बदला इस योजना का नाम



रोजगार योजना का नाम पहले से महात्मा गाँधी जी के नाम पर नहीं था। 1980 में इंदिरा गांधी ने सभी पुरानी रोजगार योजनाओं को मिला कर राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम योजना का नाम दिया जिसे राजीव गाँधी ने जवाहर रोजगार योजना का नाम दे दिया। सोनिया,मनमोहन की सरकार ने 2004 में इसे नरेगा कर दिया गया, जिसे फिर 2005 में मनरेगा किया गया। कांग्रेस की सरकार ने जब जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या यह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान नहीं था। इसी तरह, आवास योजना का नाम पहले ग्रामीण आवास योजना था, राजीव गांधी ने 1985 में इसका नाम बदल कर इंदिरा आवास योजना कर दिया था। अप्रैल 2005 में कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना कर दिया। हर योजना में इन्होंने गाँधी ;एक परिवार नेहरू के नाम जबरन डाले। मोदी सरकार में नाम नहीं काम बोलता है। 2005 में मनरेगा शुरू हुई लेकिन अब ग्रामीण भारत बदल गया है। 2011.12 में ग्रामीण गरीबी.7 प्रतिशत से घटकर 2023.24 में 4.86 प्रतिशत रह गई। साथ ही कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है और आजीविका में विविधता आई है। पुराना ओपन.एंडेड मॉडल अब आज की ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मेल नहीं खाता। 2005 में हमारी ज़रूरतें अलग थीं, अब हमारी ज़रूरतें अलग हैं इसलिए इस ग्रामीण रोजगार योजना को 2025 की आवश्यकताओं के साथ पुन: व्यवस्थित करना आवश्यक था।

## शनवारा कृषि उपज मंडी में प्राकृतिक हाट बाजार लोगों को आ रहा है पसंद

**जैविक गेहूँ,दाल,धनिया, मेथी,बथुआ,खड़ा धनिया,मिर्च, हल्दी पावडर, देशी बैर, शहद पहुंच रहे है हाट बाजार में।**



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निरन्तर सकारात्मक प्रयास किए जा रहे है। कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत प्राकृतिक खेती से जोड़ा जा रहा हैं।

जिले में प्रत्येक गुरुवार को खंडवा रोड स्थित शनवारा कृषि उपज सब्जी मंडी बुरहानपुर में प्राकृतिक हाट बाजार प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 2.00 तक लगाया जाता है।

प्राकृतिक हाट बाजार में जैविक खेती के माध्यम से उत्पादित गेंहू, दाल, धनिया, मेथी, बथुआ, खड़ा धनिया, मिर्च, हल्दी पावडर, देशी बैर एवं शहद मुख्य आकर्षण के रूप में रहे, हाट बाजार में करीबन 91 से अधिक ग्राहकों द्वारा जैविक उत्पादों को ख़रीदा गया। यह कीटनाशकों एवं उर्वरकों से रहित फसलों से उत्पादित उत्पाद. अनाज, सब्जी एवं फ्ल स्वास्थ्यवर्धक है। प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उत्पादकता एवं गुणवत्ता भी बनी रहती है। गुरूवार को लगने वाला प्राकृतिक हाट बाजार जनमानस को काफी पसन्द आ रहा है।

कृषि उपसंचालक श्री देवके बताते है कि तरो.ताजा जैविक सब्जियों,फलों एवं उत्पादों को देखकर ग्राहक सराहना कर रहे है। जिला प्रशासन आव्हान करता है किए प्रति गुरूवार को खंडवा रोड स्थित शनवारा कृषि उपज मंडी में लगने वाले प्राकृतिक हाट बाजार में आकर जरूर खरीददारी करे।

**राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन:-** प्राकृतिक खेती में रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों या रसायनों का उपयोग नहीं किया जाता हैए बल्कि इसमें गाय के गोबर एवं गोमूत्र से तैयार जीवामृत,बीजामृत एवं घनजीवामृत व प्राकृतिक तरीके से तैयार खाद का उपयोग किया जाता है। इस खेती से तैयार खाद्य पदार्थ तुलनात्मक रूप से पौष्टिक व सुरक्षित होते है।

**जैविक उत्पाद खाने के फायदे:-** जैविक खेती से तैयार उत्पाद शरीर को शुद्ध एवं सुरक्षित भोजन प्रदान करते हैं, इनमें पोषक तत्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं तथा स्वाद और सुगंध भी बेहतर होती है। ऐसे खाद्य पदार्थ मानसिक स्वास्थ्य एवं प्रतिरक्षा शक्ति को मजबूत करते हैं साथ ही बीमारियों से बचाव में सहायक होते हैं। ये खेती पर्यावरण संरक्षण में मददगार है। प्राकृतिक खेती के उत्पाद विशेष रूप से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए अधिक सुरक्षित माने जाते हैं।

## नगर निगम की कार्यप्रणाली होगी हाईटेक



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** आज नगर निगम के डॅा हॉल में निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव के निर्देशानुसार एक महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस बैठक में निगम के समस्त वाहन चालकों को ई.नगरपालिका के अंतर्गत फ्लीट मैनेजमेंट सिस्टम की विस्तृत जानकारी दी गई।

**डिजिटल मॉनिटरिंग से बढ़ेगी पारदर्शिता:-** बैठक को संबोधित करते हुए सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा ने कहा कि फ्लीट मैनेजमेंट सिस्टम लागू होने से निगम के वाहनों की रियल.टाइम लोकेशन, रूट और ईधन की खपत पर सीधी निगरानी रखी जा सकेगी।

उन्होंने ड्राइवरों को एप के संचालन और उसमें डेटा एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए,ताकि कचरा संग्रहण और अन्य नागरिक सेवाओं में और अधिक सुधार लाया जा सके। इस अवसर पर वाहन प्रभारी गणेश पाटिल एवं संतोष सोनवने विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बढ़े से छोटे बच्चों की प्रार्थना प्रभू जल्दी सुनते है : संत ललीत प्रथा जी



**नवभारत न्यूज,**

**इच्छापुर।** भगवान के मंदिर में जाकर प्रार्थना करना हमे अच्छी बुद्धि, देना अच्छा व्यवसाय देना. व्यापार देना, अच्छा खाना, पैसे मिले ,यही हम आपसे प्रार्थना करते है। बढ़े से छोटे बच्चों की प्रार्थना प्रभू जल्दी सूनते है। बढो की प्रार्थना में लोभ होता है। और.छोटे बच्चो की प्रार्थना मन से होती है। बच्चे मन के सच्चे यह द्विव्य प्रवचन राष्ट्रीय संत ललीत प्रथा जी मा.साहब ने ग्राम इच्छापूर में आर सी बाफना स्वाध्याय भवन में कहें । उन्होंने आगे कहा कि दान देने के लीए मन चाहिए। भूखे को रोटी दो ,गाय को घी लगाकर रोटी दो, आप को कोटी कोटरी पुण्य मिलेगा । भलाई कभी खाली नहीं जाती ,चाहे जो भी स्थिती बने परिवार मे प्रेम और संध बनाए रखे , विखर गए हो ,तब भी महीने में अथवा साल में एक बार साथ बैठकर भजन और भोजन दोनो कीजिए। सुबह उठकर योग करो ,प्राणायम करो ,प्रभू का चिंतन करो , आपका शरीर स्वस्थ होगा ।गुस्सा मत करो ,हमेशा मुस्कराते रहो ,हंसते रहो।

## पाइप लाइनों के लीकेज दुरूस्त करेंगी नपा की टीम : नपाध्यक्ष,सीएमओ भी करेंगे निरीक्षण

**प्रभारी मंत्री के निर्देश के बाद नपा कार्यालय में हुई बैठक।**



**नवभारत न्यूज,**

**नेपानगर।** शहर में जल वितरण व्यवस्था की गंभीरता के साथ मॉनिटरिंग की जाएगी। जहां जहां भी पीने के पानी पाइप लाइनों में लीकेज की समस्या है उसे नगर पालिका की टीम ठीक करेगी। इसे लेकर शुक्रवार को नेपानगर नगर पालिका कार्यालय में बैठक हुई जिसमें तय किया गया कि नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ इन कामों का सोमवार को विजिट करेंगे। अगर कहीं भी ऐसी स्थिति मिलती है तो तत्काल एक्शन लिया जाएगा। दरअसल दो दिन पहले ही जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने नलए जल योजनाओं की बुरहानपुर में समीक्षा की थी। नेपानगर नगर पालिकाए शाहपुर नगर परिषद के जिम्मेदारों को भी कहा गया कि वह भी अपने अपने क्षेत्र में गंभीरता से इस विषय को लें, जिसके बाद शुक्रवार को बैठक बुलाई गई जिसमें नलए जल योजना से जुड़े कर्मचारीए अफ़सर मौजूद थे। साथ ही यह भी तय किया गया कि सोमवार को नपाध्यक्ष भारती विनोद पाटील, सीएमओ मोहन सिंह अलावा शहर के वार्डों में भ्रमण कर लीकेज की स्थिति की जानकारी लेंगे। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ही वार्ड नंबर 12 के रहवासियों ने इसी तरह की समस्या से अवगत कराया था। इसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर साफसफ़ाई की थी। यहां पीने पानी की पाइप लाइन के उपर से सीवरेज का पानी बहता है। वहीं नगर के कई वार्डों में भी इस तरह की समस्याएं है।

**बैठक लेकर अफसर, कर्मचारियों को ताकीद की:-** नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटील ने बताया प्रभारी मंत्री से मिले दिशा निर्देश के बाद शुक्रवार को जल विभाग की बैठक ली गई जिसमें जल प्रभारी के अलावा कर्मचारियों की टीम मौजूद थी। हमारी ओर से नगर के सभी 24 वार्डों में जल वितरण व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण कराया जाएगा। अगर कहीं भी पीने के पानी की पाइप लाइन लीकेज मिलती है तो उसे दुरूस्त कराया जाएगा। जहां से पानी की पाइप लाइन के साथ सीवरेज की लाइन भी गुजर रही है वहां विशेष तौर पर फोकस कर सुधार कराया जाएगा। पानी की टंकियों की भी प्राथमिकता के साथ सफ़ाई कराई जाएगी।

**एक नजर**

**दिशा की बैठक मैं सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने जताई नाराजगी**

# पूर्व की बैठक में दिए निर्देशों का पालन क्यों नहीं हुआ, खानापूर्ति ना करें



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** दिशा की पूर्व बैठक में जिन विषयों को लेकर जांच करने के निर्देश दिए थे। कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन के साथ उसकी रिपोर्ट कहां है घ् जांच हुई कि नहीं हुई घ् क्या हम या केवल खानापूर्ति के लिए बैठे हैं। ऐसी लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं यह बात खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ;दिशाद्ध की बैठक में कही पूर्व में दिए गए निर्देश का पालन नहीं होने पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई। सांसद ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा जिले में हो रहे विकास कार्यों की विभाग वार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए । योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन करने वाले विभाग प्रमुखों की सराहना की तो वही लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

**कुंडी भंडारा है विश्व धरोहर:-** विश्व धरोहर कुंडी भंडारा की क्षतिग्रस्त हुई कुंडी के मरम्मत को लेकर सांसद ने निर्देश दिए साथ ही यह भी कहा कि लिफ्ट सतत चलती रहे यह भी सुनिश्चित करें। क्योंकि यहां देश.विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। लिफ्ट बंद होने से वह भूमिगत जल प्रणाली को नहीं देख पाते हैं। ताप्ती नदी में नालो का गंदा पानी ना मिले इसे लेकर निगम द्वारा अलग से बनाई गई योजना के प्रगति की भी समीक्षा की वही जलावर्धन योजना की समीक्षा में कहा कि इस योजना का उद्देश्य लोगों को स्वच्छ पानी देना है। इसे लेकर किसी भी तरह की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होंगी। नगर निगम के अधिकारी नियमित जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग करें और लीकेज की आ रही समस्याओं का तत्काल निराकरण करे।

**विकसित गांव बनाना मोदी सरकार का संकल्प:-** बैठक में सांसद पाटील ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए गांवो का आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। इसके लिए कर वसूली का अभियान जो चलाया जा रहा है उसमें अच्छा कार्य करने वाले पंचायत के सरपंचएसचिव सहित इस कार्य में जुटे कर्मचारी को भी सम्मानित करे। जिला पंचायत के अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिए की अब विकसित भारतदृरोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण गारंटी अधिनियम. 2025 यानी वीबी.जी राम जी से ग्रामीण रोजगार की तस्वीर बदलेगी। आने वाले समय में इस योजना का क्रियान्वयन सही तरीके से हो यह सुनिश्चित करें।

**बैठक में सांसद ने यह भी दिये निर्देश:-** प्राकृतिक खेती के प्रचार प्रसार पर जोर दे , विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि मेंटेनेंस के नाम पर मनमानी न करें शेड्यूल तय करें , राशन दुकानो से राशन वितरण पूरे माह हो यह सुनिश्चित करें , प्रधानमंत्री आवास योजना में कोई भी पात्र हितग्राही ना छूटे , जिले में गो हॉस्टल ,गाय छात्रावास की स्थापना की योजना को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लॉन्च करें।

बैठक में महापौर माधुरी अतुल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, जिला कलेक्टर हर्ष सिंह समिति के सदस्य गण सहित विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।